www.sakshieducation.com

# PAPER-III
# PHILOSOPHY

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ___________________________

   (Name) ___________________________

2. (Signature) ___________________________

   (Name) ___________________________

**S 0 3 1 3**

OMR Sheet No. : ...............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.______________________________
(In words)

Time : **2 $^{1}/_{2}$** hours]                [Maximum Marks : **150**

Number of Pages in this Booklet : **20**

Number of Questions in this Booklet : **75**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of seventy five multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal / polythene bag on the booklet. Do not accept a booklet without sticker-seal / without polythene bag and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचहत्तर बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील / पोलिथीन बैग को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील / बिना पोलिथीन बैग की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण** : (A) (B) ● (D)   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

# PHILOSOPHY
## Paper – III

**Note :** This paper contains **seventy five (75)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

1. The root cause of sufferings according to Buddha is
   (A) Janma (B) Duḥkha
   (C) Triṣṇā (D) Avidyā

2. The reference to Varna-dharma is found first in
   (A) Manusmriti
   (B) Bhagavad Gita
   (C) Ramayana
   (D) Purusha-sukta

3. Which of the following Purusharthas are included in Trivarga ?
   (A) Artha, Kama, Mokṣa
   (B) Artha, Dharma, Kama
   (C) Mokṣa, Dharma, Kama
   (D) Artha, Dharma, Mokṣa

4. Shila is
   (A) Means to Prajñā
   (B) A kind of Pāramitas
   (C) Means to Puṇya
   (D) All the above

5. According to 'Antirepresentationalists',
   (A) picture and reality are synonymous.
   (B) there is an absolute picture of reality.
   (C) there is no one picture of reality.
   (D) there is no picture of reality.

6. According to Aristotle the three kinds of soul are
   (A) Ghost soul, animal soul, human soul
   (B) God soul, ghost soul, human soul
   (C) God soul, animal soul, plant soul
   (D) Plant soul, animal soul, human soul

7. According to which of the following "theory of truth for a formal language could serve as a theory of meaning for natural language" ?
   (A) P.F. Strawson
   (B) Ludwig Wittgenstein
   (C) B. Russell
   (D) Donald Davidson

8. Kant classifies categories of understanding under four heads as
   (A) quality, spirit, modality and matter
   (B) quantity, quality, relation and modality
   (C) substance, matter, spirit and quality
   (D) relation, spirit, substance and quantity

www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

# दर्शनशास्त्र

## प्रश्नपत्र – III

**सूचना :** इस प्रश्नपत्र में **पचहत्तर** (75) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** बुद्ध मतानुसार दु:ख का मूल कारण है

(A) जन्म (B) दु:ख

(C) तृष्णा (D) अविद्या

**2.** वर्ण-धर्म का सर्वप्रथम उल्लेख मिलता है

(A) मनुस्मृति में

(B) भागवद्गीता में

(C) रामायण में

(D) पुरुष-सूक्त में

**3.** निम्नलिखित में से किन पुरुषार्थों की गिनती त्रिवर्ग के अन्तर्गत होती है ?

(A) अर्थ, काम, मोक्ष

(B) अर्थ, धर्म, काम

(C) मोक्ष, धर्म, काम

(D) अर्थ, धर्म, मोक्ष

**4.** 'शील' है

(A) प्रज्ञा का साधन ।

(B) एक प्रकार की पारमिता

(C) पुण्य का साधन

(D) उपर्युक्त में से सभी

**5.** 'प्रतिनिधित्ववाद विरोधियों' के अनुसार

(A) चित्र और सत् समानार्थक हैं ।

(B) सत् का पूर्ण चित्र होता है ।

(C) सत् का कोई एक चित्र नहीं होता है ।

(D) सत् का कोई चित्र नहीं होता ।

**6.** अरस्तू के अनुसार तीन प्रकार के आत्माओं की सूची इस प्रकार हैं :

(A) प्रेतात्मा, पशु-आत्मा, मानव-आत्मा

(B) ईश्वरीय आत्मा, प्रेतात्मा, मानव-आत्मा

(C) ईश्वरीय आत्मा, पशु-आत्मा, वनस्पति-आत्मा

(D) वनस्पति-आत्मा, पशु-आत्मा, मानव-आत्मा

**7.** निम्नलिखित में से किसके अनुसार "आकारिक भाषा में सत्य का सिद्धान्त नैसर्गिक भाषा में अर्थ-सिद्धान्त पर भी लागू हो सकता है" ?

(A) पी.एफ. स्ट्रासन

(B) लुडविग विट्गेन्स्टाइन

(C) बी. रसेल

(D) डोनाल्ड डेविडसन

**8.** काण्ट के अनुसार बोध की कोटियों को निम्नलिखित चार भागों में रखते हैं

(A) गुणात्मकता, चित्त्, पर्यायात्मकता और द्रव्य

(B) संख्या, गुणात्मकता, संबंध और पर्यायात्मकता

(C) पदार्थ, द्रव्य, चित्त् और गुणात्मकता

(D) संबंध, चित्त्, पदार्थ और संख्यात्मकता

www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

**9.** Which one of the following is not true of Heidegger's Dasein ?

(A) It is essentially self-conscious.

(B) It is engaged with the world.

(C) It is always an actuality and not possibility.

(D) It is always a possibility and not an actuality.

**10.** The proposition basic to idealism which Moore rejects is

(A) Cogito-ergo-sum

(B) The thing in itself is non-empirical

(C) esse est percipi

(D) ideas are no less real than matter

**11.** The theory that objects are permanent possibilities of sensations is called

(A) Psychologism

(B) Phenomenalism

(C) Phenomenology

(D) Objectivism

**12.** Locke is a

(A) Realist

(B) Representative realist

(C) Idealist

(D) Representative idealist

**13.** According to Russell physical objects are

(A) Ideas

(B) Bogus entities

(C) Logical construction

(D) Illusions

**14.** Consider the following statements :

1. Life is worth living
2. Birth and death are the two ends of life
3. Honesty is one of the prime virtues.
4. Akbar was a secular Mughal emperor

Which of the statements given above are the statements of value ?

(A) 1 only

(B) 2, 3 and 4 only

(C) 1 and 3 only

(D) 2 and 3 only

**15.** Which one of the following is not implied by Kant's, Copernican revolution ?

(A) Rejection of Naive realism

(B) Blindness of sensible intuition without concepts

(C) Rejection of transcendental idealism

(D) Emptiness of thought or concepts without sensible intuition.

**16.** Descartes' assertion, 'I have an idea of a most perfect being', is a premise in his

(A) Cosmological argument

(B) Ontological argument

(C) Argument from design

(D) Cosmological and ontological argument both

**17.** According to Saṅkara Vyāvahārika Sattā is falsified by

(A) Prātibhāṣika Satta

(B) Pāramārthika Satta

(C) Both (A) and (B)

(D) Neither (A) nor (B)


www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

**9.** हाईडेगर के डासाईन के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा एक सत्य नहीं है ?

(A) वह अनिवार्यत: आत्म चेतन है ।

(B) वह संसार में संलिप्त है ।

(C) वह सदैव वास्तविक है और संभावना नहीं है ।

(D) वह सदैव संभावना है और वास्तविक नहीं है ।

**10.** मूर प्रत्ययवाद की इस मूल धारणा का निरसन करते हैं :

(A) अहं चित्तयामि अत: अस्मि

(B) स्वयंभू वस्तु अ-भौतिक है ।

(C) दर्शयति अत: अस्ति

(D) प्रत्यय, द्रव्य के समान वास्तविक हैं ।

**11.** वस्तुएँ संवेदन की स्थायी संभावनाएँ होती हैं, यह सिद्धान्त कहलाता है

(A) मनोवैज्ञानिकवाद

(B) संवृत्तिवाद

(C) दृश्य-प्रपंचवाद

(D) वस्तुनिष्ठवाद

**12.** लॉक हैं

(A) वस्तुवादी

(B) प्रतिनिधित्ववादी वस्तुवादी

(C) प्रत्ययवादी

(D) प्रतिनिधित्ववादी प्रत्ययवादी

**13.** रसेल के मतानुसार भौतिक वस्तुएँ हैं

(A) विचार

(B) निरर्थक वस्तुएँ

(C) तार्किक संरचना

(D) भ्रम

**14.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. जीवन जीने योग्य है ।
2. जीवन और मरण जीवन के दो पक्ष हैं ।
3. ईमानदारी मुख्य सद्‌गुणों में से एक है ।
4. अकबर धर्मनिरपेक्ष मुगल राजा थे ।

उपरोक्त में से कौन से/सा कथन मूल्य-परक है ?

(A) केवल 1

(B) केवल 2, 3 और 4

(C) केवल 1 और 3

(D) केवल 2 और 3

**15.** काण्ट के कॉपरनिकन क्रान्ति से निम्नलिखित में से कौन सा एक निगमित नहीं होता ?

(A) सहज यथार्थवाद का निरसन

(B) प्रत्यय विहीन बोधगम्य अंत:प्रज्ञा की अंधता

(C) पराभौतिक प्रत्ययवाद का निरसन

(D) बोधगम्य अंत:प्रज्ञा विहीन विचारों और प्रत्ययों की रिक्तता

**16.** देकार्त का यह कथन, 'मुझे सर्वाधिक पूर्ण का ज्ञान है' उनके इस तर्क का आधार वाक्य है

(A) वैश्विक तर्क

(B) सत्तामूलक तर्क

(C) रचनामूलक तर्क

(D) वैश्विक और सत्तामूलक तर्क दोनों

**17.** शंकराचार्य के अनुसार व्यावहारिक सत्ता का बाध

(A) प्रातिभासिक सत्ता होता है ।

(B) पारमार्थिक सत्ता से होता है ।

(C) (A) और (B) दोनों के द्वारा होता है ।

(D) (A) और (B) में से किसी के द्वारा नहीं होता ।


www.sakshieducation.com

18. Who holds that acit is as much a part of reality as cit is
   (A) Rāmāmuja
   (B) Saṅkara
   (C) Nāgārjuna
   (D) None of the above

19. The relation of which pairs of relata mentioned below is not Samavāya ?
   (A) Ghatarūpa and Ghaṭa
   (B) Ghatarūpa and Samavāya
   (C) Ghaṭatva and Ghata
   (D) Ghaṭa and its halves

20. The first step of teaching of Pancaṣila of Buddhism refrains from which of the following ?
   (A) Vikāla Bhojana
   (B) Adinādāna
   (C) Praṇatipāta
   (D) Mūṣavādā

21. Match List – I with List – II and select the correct answer from the code given below :

| List – I (Supreme Value) | List – II (Religion) |
|---|---|
| a. Ahimsā | i. Islam |
| b. Sacrifice | ii. Buddhism |
| c. Brotherhood | iii. Christianity |
| d. Desirelessness | iv. Jainism |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | iv | iii | i | ii |
| (D) | iii | i | ii | iv |

22. Who does not accept 'Yogaja Sannikarṣha' ?
   (A) Naiyāyikas
   (B) Mimāmsakas
   (C) Vaiśeṣikas
   (D) Sāṁkhyas

23. Which one is not correctly matched ?
   (A) Yogyatā, Sannidhi, Tatparya
   (B) Āptavākya, Vākyaśesa, Vivṛti
   (C) Bhuyodarśana, Vyākaraṇa, āsatti
   (D) Upādhinirāsa, tarka, Sāmānyalakshaṇa pratyaksha

24. Select from the code which is not a means of Sābdagraha
   (A) Upamāna
   (B) Āptavākya
   (C) Vākyaśeṣa
   (D) Yogyatā

25. 'Fire is cold because it has coldness' the inference commits the fallacy of
   (A) Anaikāntika
   (B) Bādha
   (C) Asiddha
   (D) None of the above

26. Who holds knowledge as a substance ?
   (A) Samkhya and Advaita Vedānta
   (B) Samkhya and Yoga
   (C) Advaita Vedanta and Jaina
   (D) Nyāya and Buddhist



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

**18.** इनमें से किसके अनुसार 'अचित्त' यथार्थ का वैसा ही अंश है जैसा कि चित्त ?

(A) रामानुज

(B) शंकर

(C) नागार्जुन

(D) उपर्युक्त में से किसी के अनुसार नहीं ।

**19.** नीचे दिये सम्बन्धी के युग्मों में से कौन सा सम्बन्ध समवाय नहीं है ?

(A) घटरूप और घट

(B) घटरूप और समवाय

(C) घटत्व और घट

(D) घट और उसके अर्द्ध

**20.** बौद्ध मतोक्त पंचशील के प्रथम शिक्षापद में इनमें से किसका निषेध किया गया है ?

(A) विकाल-भोजन

(B) अदीनादान

(C) प्राणातिपात

(D) मृषावादा

**21.** सूची – I एवं सूची – II को सुमेलित करें तथा दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची – I (चरम मूल्य)** | **सूची – II (धर्म)** |
|---|---|
| a. अहिंसा | i. ईस्लाम |
| b. बलिदान | ii. बौद्ध धर्म |
| c. भ्रातृत्व | iii. ईसाई धर्म |
| d. निस्पृहत्व | iv. जैन धर्म |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | iv | iii | i | ii |
| (D) | iii | i | ii | iv |

**22.** इनमें से कौन 'योगज-सन्निकर्ष' को स्वीकार नहीं करता ?

(A) नैयायिक (B) मीमांसक

(C) वैशेषिक (D) सांख्य

**23.** इनमें से कौन सुमेलित नहीं है ?

(A) योग्यता, सन्निधि, तात्पर्य

(B) आप्तवाक्य, वाक्यशेष, विवृत्ति

(C) भूयोदर्शन, व्याकरण, आसत्ति

(D) उपाधिनिरास, तर्क, सामान्य-लक्षण-प्रत्यक्ष

**24.** दिए गए कूट से उसका चुनाव करें जो शब्दग्रह का साधन नहीं है :

(A) उपमान (B) आप्तवाक्य

(C) वाक्यशेष (D) योग्यता

**25.** 'अग्नि शीतल है क्योंकि इसमें शीतलता है' – यह अनुमान निम्नलिखित में से किस दोष से ग्रस्त है ?

(A) अनैकान्तिक

(B) बाध

(C) असिद्ध

(D) इनमें से किसी से भी नहीं

**26.** इनमें से किसके अनुसार ज्ञान 'द्रव्य' है ?

(A) सांख्य एवं अद्वैत-वेदान्त

(B) सांख्य एवं योग

(C) अद्वैत-वेदान्त एवं जैन

(D) न्याय एवं बौद्ध


www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

**27.** Which one of the following pairs reflects two fundamental crises of Modern Culture according to Husserl ?

(A) War and Terrorism

(B) Rationality and Technology

(C) Relativism and Scepticism

(D) Agnosticism and Scepticism

**28.** Who says "Consciousness is the whole or true self claiming to the legislative for its parts. Its claim is the claim of the self, as a conscious and rational being, to judge any particular manifestation of itself in voluntary action" ?

(A) Whitehead (B) Ross

(C) Muirhead (D) Clark

**29.** The 'Right of Contract' is indispensable for

(A) Right to live

(B) Right to be free

(C) Right to property

(D) Right to education

**30.** As an empiricist, Locke claims that all our knowledge is derived either through sensation or

(A) Perception

(B) Reflection

(C) Thinking

(D) None of the above

**31.** According to Kant, the ideas of 'reason' are

(A) Regulative and constitutive

(B) Affirmative and negative

(C) Negative and probable

(D) Constitutive and regulative

**32.** According to Kant, a person becomes aware of the freedom of his will because

(A) It is an apriori condition of the experience of obligation.

(B) He has empirical experience of it.

(C) It is an apriori condition of experience of senses.

(D) It can be demonstrated by science.

**33.** Match List – I with List – II and choose the correct answer from the code given below :

| **List – I (Ideas)** | **List – II (Philosophers)** |
|---|---|
| a. Swaraj is my birth right | i. Sri Rabindranath Tagore |
| b. Awakening in the Land of Heaven | ii. Mahatma Gandhi |
| c. Hind Swaraj | iii. Dr. K.C. Bhattacharya |
| d. Swaraj in Ideas | iv. Lokmānya B.G. Tilak |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | i | ii | iii |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | iii | i | ii | iv |
| (D) | i | iii | ii | iv |

www.sakshieducation.com

27. हुसर्ल के मतानुसार नीचे दिए गए युग्मों से कौन सा युग्म आधुनिक संस्कृति के दो मौलिक संकटों को बतलाता है ?

(A) युद्ध और आतंकवाद

(B) बौद्धिकता और तकनीक

(C) सापेक्षतावाद और संदेहवाद

(D) अज्ञेयवाद और संदेहवाद

28. किसने कहा है, "चेतना सम्पूर्ण अथवा शुद्ध आत्म है जो अपने अंशों के लिये विधायी को दावा करती है । उसका दावा, चेतन तथा विवेकपूर्ण सत्ता के रूप में, आत्म का दावा है, और यह, ऐच्छिक क्रिया में अपनी स्वयं की किसी विशेष अभिव्यक्ति को आंकने के लिये दावा है ।" ?

(A) व्हाइटहैड

(B) रॉस

(C) मुइरहैड

(D) क्लार्क

29. 'संविदा का अधिकार' अपरिहार्य है

(A) 'जीने के अधिकार' के लिए

(B) 'स्वतंत्र होने के अधिकार' के लिए

(C) 'सम्पत्ति के अधिकार' के लिए

(D) 'शिक्षा के अधिकार' के लिए

30. अनुभववादी के रूप में लॉक का यह दावा है कि हमारा समस्त ज्ञान या तो संवेदन से नि:सृत होता है अथवा ______ से ।

(A) प्रत्यक्ष

(B) आत्म-चिंतन

(C) चिंतन

(D) इनमें से किसी के द्वारा नहीं

31. कांट के अनुसार तर्क-विचार निम्नलिखित में से क्या हैं ?

(A) विनियामक और संघटक

(B) स्वीकारात्मक और नकारात्मक

(C) नकारात्मक और संभाव्य

(D) संघटक और विनियामक

32. कांट के अनुसार, व्यक्ति अपनी इच्छाशक्ति की स्वतन्त्रता के प्रति जागरूक बन जाता है क्योंकि

(A) यह दायित्व के अनुभव की प्रागनुभव स्थिति है ।

(B) उसे इसका अनुभूतिमूलक अनुभव होता है ।

(C) यह इंद्रियों के अनुभव की प्रागनुभव स्थिति है ।

(D) इसे विज्ञान द्वारा प्रदर्शित किया जा सकता है ।

33. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची – I (विचार)** | **सूची – II (दार्शनिक)** |
|---|---|
| a. स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है | i. श्री रबीन्द्रनाथ टैगोर |
| b. स्वर्ग की भूमि में जागृति | ii. महात्मा गांधी |
| c. हिन्द स्वराज | iii. डॉ. के. सी. भट्टाचार्य |
| d. विचारों में स्वराज | iv. लोकमान्य बी.जी. तिलक |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | i | ii | iii |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | iii | i | ii | iv |
| (D) | i | iii | ii | iv |

www.sakshieducation.com

**34.** The ideal of Niṣkāmakarma implies
(A) Motiveless action
(B) Desireless action
(C) Inaction
(D) Infatuated action

**35.** Who holds Ṣrūtārthapatti as a form of arthāpatti ?
(A) Prābhākar Mimāṃsā and Bhātta Mimāṃsā
(B) Bhātta Mimāṃsā and Vedānta
(C) Bhātta Mimāṃsā and Nyāya
(D) Prābhākara Mimāṃsā and Vedānta

**36.** Match List – I with List – II and select correct answer by using code given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. Buddhism | i. Both prāmāṇya and aprāmāṇya are Swatah |
| b. Sāṁkhya | ii. Both prāmāṇya and aprāmāṇya are Paratah |
| c. Nyāya vaiśesikā | iii. Swatah prāmāṇya and paratah aprāmāṇya |
| d. Jainism | iv. Both prāmānya and aprāmāṇya are paratah (origin) |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | ii | iv |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | ii | iii | i | iv |
| (D) | iii | i | iv | ii |

**37.** Who aims the objective study of consciousness ?
(A) Phenomenalism
(B) Existentialism
(C) Phenomenology
(D) Idealism

**38.** According to Nyāya during the perception of Abhāva 'Indriyārtha-Sannikarsa' takes place though
(A) Saṁyoga
(B) Samavāya
(C) Viśeṣaṇa – veśeṣa – bhāva
(D) Samveta – Samvāya

**39.** The anumāna 'Śabdah nityah kṛtakatvāt', commits the hetvābhāsa known as
(A) Satpratipakṣa
(B) Asiddha
(C) Viruddha
(D) Bādhita

**40.** Pañcakalpanā, according to the Buddhists, are
(A) Nāma, jāti, guṇa, kriyā and avayava
(B) Nāma, jāti, guṇa, kriyā and dravya
(C) Nāma, jāti, guṇa, kriyā and svalakṣaṇa
(D) Nāma, sāmānyalakṣaṇa, guṇa, kriyā and svalakṣaṇa

**41.** Who said that there is a central fire around which the earth, the sun, the moon and five planets move ?
(A) Thales
(B) Heraclitus
(C) Pythagoras
(D) Anaximander

**42.** What are the objects of Sāmānyalakṣana pratyakṣa ?
(A) Universal character of an individual
(B) Universal and the particular at the same time
(C) All the individuals belonging to a class
(D) An individual characterised by its universal.


www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

**34.** निष्काम कर्म के आदर्श का अभिप्राय है

(A) उद्देश्यहीन कार्य

(B) इच्छारहित कार्य

(C) अक्रियता

(D) प्रणयोन्मत क्रिया

**35.** इनमें से कौन श्रुतार्थापत्ति को अर्थापत्ति का एक रूप मानता है ?

(A) प्रभाकर मीमांसा एवं भाट्ट मीमांसा

(B) भाट्ट मीमांसा एवं वेदान्त

(C) भाट्ट मीमांसा एवं न्याय

(D) प्रभाकर मीमांसा एवं वेदान्त

**36.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. बौद्धधर्म | i. प्रामाण्य और अप्रामाण्य दोनों स्वत: है । |
| b. सांख्य | ii. प्रामाण्य और अप्रामाण्य दोनों परत: हैं । |
| c. न्याय वैशेषिक | iii. स्वत: प्रामाण्य और परत: अप्रामाण्य । |
| d. जैनधर्म | iv. प्रामाण्य और अप्रामाण्य दोनों परत: (उत्पत्तिमूलक) हैं । |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | ii | iv |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | ii | iii | i | iv |
| (D) | iii | i | iv | ii |

**37.** चेतना का वस्तुगत अध्ययन इनमें से किसका लक्ष्य है ?

(A) संवृत्ति-सिद्धान्त

(B) अस्तित्ववाद

(C) संवृत्तिवाद

(D) प्रत्ययवाद

**38.** न्याय मतानुसार अभाव के प्रत्यक्ष में 'इन्द्रियार्थ सन्निकर्ष' निम्नलिखित में से किसके द्वारा सम्पन्न होता है ?

(A) संयोग

(B) समवाय

(C) विशेषण-विशेष्य-भाव

(D) समवेत-समवाय

**39.** अनुमान 'शब्द: नित्य: कृतकत्वात्' में समाहित हेत्वाभास का नाम है

(A) सत्प्रतिपक्ष (B) असिद्ध

(C) विरुद्ध (D) बाधित

**40.** बौद्ध मत के अनुसार 'पंचकल्पना' है

(A) नाम, जाति, गुण, क्रिया एवं अवयव

(B) नाम, जाति, गुण, क्रिया एवं द्रव्य

(C) नाम, जाति, गुण, क्रिया एवं स्वलक्षण

(D) नाम, सामान्यलक्षण, गुण, क्रिया एवं स्वलक्षण

**41.** किसने कहा कि एक केन्द्रीय अग्नि है जिसके चारों ओर पृथ्वी, सूर्य, चंद्र एवं पाँच ग्रह भ्रमण करते हैं ?

(A) थेलस (B) हेराक्लिट्स

(C) पायथागोरस (D) अनैक्जिमेण्डर

**42.** सामान्य लक्षण प्रत्यक्ष के विषय क्या हैं ?

(A) किसी वस्तु का सामान्य लक्षण

(B) एक ही समय में सामान्य तथा विशेष

(C) किसी एक वर्ग में सम्मिलित होने वाली सभी वस्तुएँ

(D) एक विशेष वस्तु जो उसके सामान्य द्वारा लक्षित हो


www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

**43.** Read following options and choose the right answer from given code :
Options :
1. The means may be linked to a seed and the end to a tree.
2. There is no wall of separation between means and end.
3. The realisation of the goal is proportional to the means employed.

**Codes :**
(A) 1 and 2
(B) 2 and 3
(C) 1 and 3
(D) 1, 2, and 3

**44.** Which one of the following pairs is correctly matched ?
(A) Leibnitz – Pragmetic theory of truth
(B) Descartes – Correspondence theory of truth
(C) Spinoza – The self-evidence theory of truth
(D) William James – Coherence theory of truth

**45.** According to Nyaya-Vaiśesika, the non-existence of jar on the floor is perceived because
(A) The eye is in contact with the floor, which is qualified by the floorness.
(B) The eye is in contact with the floor, which is qualified by non-existence of the jar.
(C) There is no jar qualified by floorness.
(D) There is only floor not qualified by jarness.

**46.** According to Nyāya school anũmiti is possible without
(A) Pakṣha jnāna
(B) Paramarṣajnāna
(C) Sādhyajnāna
(D) Udhāraṇajnāna

**47.** The view 'Truth of Cognition exists in its utilitarian value, is supported by
(A) Emotive theory
(B) Coherence theory
(C) Pragmatic theory
(D) Semantic theory

**48.** The conversational method of Socrates took place in the form of
(A) A Sceptic
(B) A Certainty
(C) A kind of Dialectic
(D) As a Verbal Jugglary

**49.** The conceptual instrument with which inductive conclusions are expressed is
(A) The concept of necessity.
(B) The concept of relation.
(C) The concept of probability.
(D) None of the above

**50.** According to the feminist thinker Kristeva, religion as a language maintains the tension between an
(A) Physical needs and personal cognition of reality.
(B) Psychological needs and objective cognition of reality.
(C) Psychological needs and personal cognition of reality.
(D) Divine needs and theological cognition of reality.


www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

**43.** निम्नलिखित विकल्पों को पढ़ें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

**विकल्प** :

1. साधनों को बीज के साथ जोड़ा जा सकता है और लक्ष्य को वृक्ष के साथ ।
2. साधन और लक्ष्य के बीच अलगाव की कोई दीवार नहीं है ।
3. लक्ष्य की प्राप्ति विनियोजित साधनों के अनुपात में होती है ।

**कूट** :

(A) 1 और 2

(B) 2 और 3

(C) 1 और 3

(D) 1, 2 और 3

**44.** निम्नलिखित में से कौन सा एक युग्म सही सुमेलित है ?

(A) लाइब्नित्ज़ – सत्यता का उपयोगितावाद सिद्धान्त

(B) देकार्त – सत्यता का संवाद सिद्धान्त

(C) स्पिनोज़ा – सत्यता का स्वत: प्रमाणित सिद्धान्त

(D) विलियम जेम्स – सत्यता का संसक्तता सिद्धान्त

**45.** न्याय वैशेषिक के अनुसार भूतल पर घट के अभाव का प्रत्यक्षीकरण होता है क्योंकि

(A) नेत्र का भूतल के साथ सम्पर्क होता है जो भूतलत्व से युक्त है ।

(B) नेत्र का भूतल के साथ सम्पर्क होता है जो भूतल के अभाव से युक्त है ।

(C) कोई भी घट भूतलत्व से युक्त नहीं है ।

(D) केवल भूतल जो घटत्व से युक्त नहीं है ।

**46.** न्याय मतानुसार अनुमिति निम्नलिखित में से किसके अभाव में संभव होती है ?

(A) पक्षज्ञान

(B) परामर्श ज्ञान

(C) साध्यज्ञान

(D) उदाहरण ज्ञान

**47.** 'अवबोध की सत्यता उसके व्यवहारपरक मूल्यों में निहित होती है ।' यह कथन प्रतिनिधित्व करता है

(A) संवेगात्मक सिद्धान्त का

(B) संसक्तता सिद्धान्त का

(C) उपयोगितावादी सिद्धान्त का

(D) शब्द-विन्यासी सिद्धान्त का

**48.** सुकरात की वार्तालाप विधि का आकार है

(A) संशयात्मक

(B) एक अनिवार्यता के रूप में

(C) एक प्रकार का द्वन्द्वात्मक ढंग

(D) वाचिक-लाघव

**49.** जिस प्रत्ययात्मक उपकरण के साथ आगमनात्मक निष्कर्षों को व्यक्त किया जाता है, वह क्या है ?

(A) अनिवार्यता की अवधारणा

(B) सम्बन्ध की अवधारणा

(C) संभाव्यता की अवधारणा

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**50.** नारीवादी चिंतक क्रिसटेवा के अनुसार, भाषा के रूप में धर्म निम्नलिखित के बीच तनाव बनाये रखता है

(A) भौतिक आवश्यकताएँ और वास्तविकता का व्यष्टि संज्ञान

(B) मनोवैज्ञानिक आवश्यकताएँ और वास्तविकता का वस्तुपरक संज्ञान

(C) मनोवैज्ञानिक आवश्यकताएँ और वास्तविकता का व्यष्टि संज्ञान

(D) दिव्य आवश्यकताएँ और वास्तविकता का ईश्वरीय संज्ञान


www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

**51.** Utilitarians argue that natural rights should be regarded as

(A) Primary rules of conduct

(B) Secondary rules of conduct

(C) Legal rules of conduct

(D) Moral rules of conduct

**52.** Evaluate the argument and select the correct option :

**Argument :**

$(\exists x)\ Lx \supset (Y)\ (Py \supset Ly)$

$(\exists x)\ Hx \supset (Y)\ (Ly \supset Hy)$

$\therefore (\exists x)\ (Hx \cdot Lx) \supset (Y)\ (Py \supset Hy)$

**Option :**

(A) Valid (B) Invalid

(C) True (D) False

**53.** If 'A' and 'B' are true and 'X' and 'Y' are false statements, which of the following compound statements are true ?

(A) $\sim (A \vee X)$

(B) $A \vee (X \cdot Y)$

(C) $A \cdot [X \vee (B \cdot Y)]$

(D) $[(A \cdot X) \vee - B] \cdot - [(A \cdot X) \vee - B]$

**54.** Match List – I with List – II and select the correct answer from given code :

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. Proposition | i. Curl |
| b. Negation | ii. Valid |
| c. Argument | iii. True/False |
| d. Sentence | iv. Exclamation |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | i | ii |
| (B) | iii | i | ii | iv |
| (C) | iv | iii | ii | i |
| (D) | iv | ii | i | iii |

**55.** In the context of correspondence theory of truth evaluate following ('A' and 'R') and select proper option :

**Assertion (A) :** Truth can not be defined in terms of "a relation between object and proposition".

**Reason (R) :** A proposition can never be a copy of an object.

**Codes :**

(A) (A) and (R) both are true and (R) provides a correct explanation of (A).

(B) (A) and (R) both are false and (R) provides a correct explanation of (A).

(C) (A) and (R) both are false and (R) does not provide a correct explanation of (A).

(D) (A) and (R) both are true and (R) does not provide a correct explanation of (A).

**56.** Inductive logic studies the way in which a premise may

(A) support and entail a conclusion.

(B) not support but entail a conclusion.

(C) support a conclusion without entailing it.

(D) neither support nor entail a conclusion.

**57.** Which one of the following is a tautology ?

(A) $(p \vee q) \supset p$

(B) $(p \supset q) \vee (q \supset p)$

(C) $p \supset q$

(D) $(p \cdot q) \vee p$


www.sakshieducation.com

**51.** उपयोगितावादी दृढ़ता से कहते हैं कि नैसर्गिक अधिकारों को निम्नलिखित रूप में समझना चाहिए :

(A) आचरण के प्राथमिक नियम

(B) आचरण के गौण नियम

(C) आचरण के विधिक नियम

(D) आचरण के नैतिक नियम

**52.** दी गई युक्ति की परीक्षा करें और नीचे दिए विकल्पों में से सही विकल्प का चुनाव करें :

**युक्ति** :

$(\exists x)\ Lx \supset (Y)\ (Py \supset Ly)$

$(\exists x)\ Hx \supset (Y)\ (Ly \supset Hy)$

$\therefore\ (\exists x)\ (Hx \cdot Lx) \supset (Y)\ (Py \supset Hy)$

**विकल्प** :

(A) वैध (B) अवैध

(C) सत्य (D) असत्य

**53.** यदि ‘A’ और ‘B’ सत्य हैं तथा ‘X’ और ‘Y’ असत्य हैं तो निम्नलिखित में से कौन सा यौगिक अभिकथन सत्य है ?

(A) $\sim (A \vee X)$

(B) $A \vee (X \cdot Y)$

(C) $A \cdot [X \vee (B \cdot Y)]$

(D) $[(A \cdot X) \vee - B] \cdot - [(A \cdot X) \vee - B]$

**54.** सूची – I तथा सूची – II को सुमेलित करें तथा दिए गए कूट से सही उत्तर का चुनाव करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. प्रतिज्ञप्ति | i. कर्ल |
| b. निषेध | ii. वैध |
| c. युक्ति | iii. सत्य/असत्य |
| d. वाक्य | iv. उद्गार |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | i | ii |
| (B) | iii | i | ii | iv |
| (C) | iv | iii | ii | i |
| (D) | iv | ii | i | iii |

**55.** सत्यता के संवाद सिद्धान्त के संदर्भ में निम्नलिखित अभिकथन (A) एवं हेतु (R) की परीक्षा करें एवं दिए गए कूटों में से सही कूट का चुनाव करें :

**अभिकथन (A)** : सत्यता को ‘वस्तु एवं प्रतिज्ञप्ति के बीच के संबंध’ के पदों में परिभाषित नहीं किया जा सकता ।

**हेतु (R)** : कोई प्रतिज्ञप्ति किसी वस्तु की प्रतिलिपि कदापि नहीं हो सकती है ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की ठीक-ठीक व्याख्या प्रस्तुत करता है ।

(B) (A) और (R) दोनों असत्य हैं एवं (R), (A) की ठीक-ठीक व्याख्या प्रस्तुत करता है ।

(C) (A) और (R) दोनों असत्य हैं एवं (R), (A) की ठीक-ठीक व्याख्या नहीं कर पाता ।

(D) (A) और (R) दोनों सत्य हैं एवं (R), (A) की ठीक-ठीक व्याख्या नहीं करता ।

**56.** आगमनात्मक तर्कशक्ति उस विधि का अध्ययन करता है जिसके अन्तर्गत एक आधारवाक्य किसी

(A) निष्कर्ष को बल प्रदान कर सकता है एवं उसे अनुलग्न कर सकता है ।

(B) निष्कर्ष को बल नहीं प्रदान कर सकता किन्तु उसे अनुलग्न कर सकता है ।

(C) निष्कर्ष को अनुलग्न किए बगैर उसे बल प्रदान कर सकता है ।

(D) निष्कर्ष को न तो बल प्रदान कर सकता है और न ही उसे अनुलग्न कर सकता है ।

**57.** इनमें से कौन ‘पुनरुक्ति’ है ?

(A) $(p \vee q) \supset p$

(B) $(p \supset q) \vee (q \supset p)$

(C) $p \supset q$

(D) $(p \cdot q) \vee p$

www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

**58.** 'p ∨ q' is equivalent to

(A) ~ (p · ~ q)

(B) ~ (~ p · ~ q)

(C) ~ (q · ~ p)

(D) ~ p · ~ q

**59.** 'Soldiers are never coward' is a proposition of the form

(A) I (B) A

(C) E (D) O

**60.** The syllogism 'Some lions are friendly ; No friendly things roar, Therefore, no lions roar"

(A) is a valid syllogism

(B) commits the fallacy of illicit major

(C) commits the fallacy of four terms

(D) commits the fallacy of illicit minor

**61.** The contrapositive of the proposition "All A's are B's" is

(A) Some B's are non A's

(B) No non A's are non B's

(C) All non B's are non A's

(D) Some B's are not non A's

**62.** An experiment held to decide with certainty between two hypothesis is called

(A) Critical experiment

(B) Crucial experiment

(C) Rational experiment

(D) Controlled experiment

**63.** If the universal quantification of a propositional function is true then

(A) its existential quantification may be false.

(B) its existential quantification may be true.

(C) its existential quantification must also be true.

(D) its existential quantification must be false.

**64.** Consider List – I & List – II and select the correctly matched pair using the code given below :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| a. Śruti prasthāna | i. Brahmasūtras |
| b. Nyāya prasthāna | ii. Srimad-bhagavadgīta |
| c. Smrti-prasthāna | iii. Upanisads |
| d. Vivarana-prasthāna | iv. Padmapādācārya |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | iv | ii |
| (B) | iii | i | ii | iv |
| (C) | i | ii | iii | iv |
| (D) | ii | iii | i | iv |

**65.** According to Nyāya we know the relation of Vyāpti by

(A) Nirvikalpaka Pratyakṣa

(B) Anupalabdhi

(C) Sāmānya – lakṣaṇa pratyakṣa

(D) Upamāna

**66.** Which one of the following holds upamāna as a tool for 'Saṃjnā-Saṃjnī-saṃbandha jnāna' ?

(A) Prābhākara Mimāṃsā

(B) Bhātta Mimāṃsā

(C) Nyāya

(D) Vedānta

**67.** The basis of our knowledge of nearness and farness is

(A) Ākāśa (B) Kāla

(C) Dik (D) Manas


www.sakshieducation.com

**58.** ‘p ∨ q’ इनमें से किसके समतुल्य है ?

(A) $\sim (p \cdot \sim q)$

(B) $\sim (\sim p \cdot \sim q)$

(C) $\sim (q \cdot \sim p)$

(D) $\sim p \cdot \sim q$

**59.** “सैनिक कभी भी कायर नहीं होते हैं ।” यह किस प्रकार का तर्क वाक्य है ?

(A) I  (B) A

(C) E  (D) O

**60.** “कुछ सिंह मित्रवत् होते हैं ।; कोई भी मित्रवत् वस्तु दहाड़ती नहीं है ।; अतएव, कोई भी सिंह दहाड़ता नहीं है ।”

यह किस प्रकार का न्याय है ?

(A) वैध न्याय

(B) अनुचित बृहत्-पद दोष से ग्रस्त न्याय

(C) चतुष्पदी दोष से ग्रस्त न्याय

(D) अनुचित लघु-पद दोष से ग्रस्त न्याय

**61.** ‘सभी अ, ब हैं’ इस प्रतिज्ञप्ति का वैपरीत्यमूलक है

(A) कुछ ब, न-अ हैं ।

(B) कोई न-अ, न-ब नहीं है ।

(C) सभी न-ब, न-अ हैं

(D) कुछ ब, न-अ नहीं हैं ।

**62.** दो परिकल्पनाओं में अकाट्यता का निर्धारण करने के लिए किया गया प्रयोग कहलाता है

(A) समीक्षात्मक प्रयोग

(B) निर्णायक प्रयोग

(C) तार्किक प्रयोग

(D) नियंत्रित प्रयोग

**63.** यदि किसी प्रतिज्ञप्ति-प्रारूप का सामान्य परिमाणन सत्य है तो

(A) उसका सत्तामूलक परिमाणन असत्य हो सकता है ।

(B) उसका सत्तामूलक परिमाणन सत्य हो सकता है ।

(C) उसका सत्तामूलक परिमाणन अनिवार्यत: सत्य होता है ।

(D) उसका सत्तामूलक परिमाणन अनिवार्यत: असत्य होता है ।

**64.** सूची – I तथा सूची – II पर विचार कीजिये तथा दिये गये कूट का प्रयोग करते हुये सही सुमेलित युग्म का चयन कीजिये :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. श्रुति प्रस्थान | i. ब्रह्मसूत्र |
| b. न्याय प्रस्थान | ii. श्रीमद्भगवद्गीता |
| c. स्मृति प्रस्थान | iii. उपनिषद् |
| d. विवरण प्रस्थान | iv. पद्मपादाचार्य |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | iv | ii |
| (B) | iii | i | ii | iv |
| (C) | i | ii | iii | iv |
| (D) | ii | iii | i | iv |

**65.** न्याय के अनुसार हम व्याप्ति के सम्बन्ध को जानते हैं

(A) निर्विकल्पक प्रत्यक्ष द्वारा

(B) अनुपलब्धि द्वारा

(C) सामान्य लक्षण प्रत्यक्ष द्वारा

(D) उपमान द्वारा

**66.** निम्नलिखित में से कौन उपमान को ‘संज्ञा-संज्ञि-सम्बन्ध-ज्ञान’ का साधन मानता है ?

(A) प्रभाकर मीमांसा  (B) भाट्ट मीमांसा

(C) न्याय  (D) वेदान्त

**67.** हमारे नज़दीक एवं दूरस्थ ज्ञान का आधार होता है

(A) आकाश  (B) काल

(C) दिक्  (D) मनस्



www.sakshieducation.com

**68.** Which one of the following pairs is the foundation of feminism ?
(A) Equality and Humanity
(B) Freedom and Humanism
(C) Equality and Freedom
(D) Sisterhood and Humanism

**69.** Who holds that a special duty of a human being is strictly determined by his particular station in life and he should perform these duties faithfully to realize his highest personal good and the general good ?
(A) Kant (B) Bradley
(C) Manu (D) Kautilya

**70.** Which one of the following pairs represents a true contrast ?
(A) Reflective morality – Personal choice and will
(B) Group morality – Customary morality
(C) Freedom of will – Determinism
(D) Law of society – External Law

**71.** Match List – I with List – II and mark correct answer from given code :

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. Quantitative Utilitarianism | i. Rashdall |
| b. Rational Utilitarianism | ii. Bentham |
| c. Qualitative Utilitarianism | iii. Sedgwick |
| d. Ideal Utilitarianism | iv. Mill |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | iv | i |
| (B) | ii | iii | i | iv |
| (C) | iv | i | iii | ii |
| (D) | ii | iv | iii | ii |

**72.** Match List – I with List – II and mark correct answer from given code :

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. Habit | i. Repeated voluntary action |
| b. Moral Judgement | ii. Voluntary action |
| c. Intention | iii. Final cause of action |
| d. Character | iv. Permanent bent of mind |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | ii | iii | i | iv |
| (C) | iv | iii | i | ii |
| (D) | i | iii | ii | iv |

**73.** Ethics is the study of the concepts involved in
(A) Speculative reasoning
(B) Pure reasoning
(C) Abstract reasoning
(D) Practical reasoning

**74.** "Ends justify means" is derived by the
(A) Utilitarians
(B) Pragmatists
(C) Deontologists
(D) Imperativists

**75.** According to G.E. Moore goodness is
(A) Simple, unanalysable quality known by intuition
(B) Simple, analysable quality known by intuition
(C) Complex, unanalysable quality known by reason
(D) Simple, unanalysable quality known by experience

www.sakshieducation.com


www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

**68.** निम्न युग्मों में से कौन सा युग्म नारीवाद का आधार है ?

(A) समानता तथा मानवता

(B) स्वतन्त्रता तथा मानववाद

(C) समानता तथा स्वतन्त्रता

(D) भगनिता तथा मानववाद

**69.** निम्नलिखित में से किसका मानना है कि मानव का विशेष कर्त्तव्य उसके जीवन के विशेष पड़ाव द्वारा पूरी तरह से निर्धारित होता है और उसे अपना श्रेष्ठ व्यक्तिगत शुभ और सामान्य शुभ प्राप्त करने के लिये इन कर्त्तव्यों को निष्ठापूर्वक सम्पन्न करना चाहिये ?

(A) कांट (B) ब्रैडले

(C) मनु (D) कौटिल्य

**70.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म वास्तविक विरोध का प्रतिनिधित्व करता है ?

(A) मननात्मक नैतिकता – व्यक्तिगत रुचि तथा संकल्प

(B) सामूहिक नैतिकता – रीतिरिवाज़ पर आधारित नैतिकता

(C) संकल्प स्वातन्त्र्य – नियतिवाद

(D) समाज का नियम – बाह्य नियम

**71.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिये और प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| a. मात्रात्मक उपयोगितावाद | i. रसडैल |
| b. बौद्धिक उपयोगितावाद | ii. बेन्थम |
| c. गुणात्मक उपयोगितावाद | iii. सिज्विक |
| d. आदर्शमूलक उपयोगितावाद | iv. मिल |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | iv | i |
| (B) | ii | iii | i | iv |
| (C) | iv | i | iii | ii |
| (D) | ii | iv | iii | ii |

**72.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिये और प्रदत्त कूट से सही उत्तर बताइये :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| a. आदत | i. निरसित ऐच्छिक कार्य |
| b. नैतिक निर्णय | ii. ऐच्छिक कार्य |
| c. अभिप्राय | iii. कार्य का अन्तिम कारण |
| d. चरित्र | iv. मस्तिष्क का स्थायी भाव |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | ii | iii | i | iv |
| (C) | iv | iii | i | ii |
| (D) | i | iii | ii | iv |

**73.** नीतिशास्त्र ऐसे प्रत्ययों का अध्ययन है जो सम्मिलित है

(A) परिकल्पनात्मक तर्क में

(B) शुद्ध तर्क में

(C) अमूर्त तर्क में

(D) प्रयोगात्मक तर्क में

**74.** 'साध्य साधनों का औचित्य हैं' इस कथन को अस्वीकार करते हैं

(A) उपयोगितावादी

(B) प्रयोजनवादी

(C) कर्त्तव्यवादी

(D) आदेशवादी

**75.** जी.ई. मूर के अनुसार शुभत्व है

(A) अन्त:प्रज्ञा द्वारा ज्ञात सरल, अविश्लेष्य गुण

(B) अन्त:प्रज्ञा द्वारा ज्ञात सरल, विश्लेष्य गुण

(C) बुद्धि द्वारा ज्ञात मिश्र, अविश्लेष्य गुण

(D) अनुभव द्वारा ज्ञात सरल, अविश्लेष्य गुण



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

**Space For Rough Work**

www.sakshieducation.com



www.sakshieducation.com

UGC - NET EXAM JUNE 2013 DATE OF EXAM :08/09/2013

KEYS - PAPER 3

www.sakshieducation.com

**Subject** (03 ) PHILOSOPHY

| Qno | Answer |
|---|---|
| 1 | D |
| 2 | D |
| 3 | B |
| 4 | D |
| 5 | D |
| 6 | D |
| 7 | D |
| 8 | B |
| 9 | C |
| 10 | C |
| 11 | B |
| 12 | * |
| 13 | C |
| 14 | A |
| 15 | C |
| 16 | B |
| 17 | B |
| 18 | A |
| 19 | B |
| 20 | C |
| 21 | * |
| 22 | B |
| 23 | C |
| 24 | D |
| 25 | B |
| 26 | A |
| 27 | C |
| 28 | C |
| 29 | C |
| 30 | B |
| 31 | D |
| 32 | A |
| 33 | A |
| 34 | B |
| 35 | B |
| 36 | A |
| 37 | C |
| 38 | C |
| 39 | C |
| 40 | B |
| 41 | C |
| 42 | C |
| 43 | D |
| 44 | C |
| 45 | B |
| 46 | C |
| 47 | C |
| 48 | C |
| 49 | C |
| 50 | C |

| Qno | Answer |
|---|---|
| 51 | B |
| 52 | A |
| 53 | B |
| 54 | B |
| 55 | A |
| 56 | C |
| 57 | B |
| 58 | B |
| 59 | C |
| 60 | D |
| 61 | C |
| 62 | B |
| 63 | C |
| 64 | B |
| 65 | C |
| 66 | C |
| 67 | C |
| 68 | C |
| 69 | B |
| 70 | C |
| 71 | A |
| 72 | A |
| 73 | D |
| 74 | * |
| 75 | A |

www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

"*" DENOTES MARKS GIVEN TO ALL CANDIDATES